कोरोना से डरें नहीं, लड़ें

लखनऊ दरबार

नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। सोमवार, 1 जून 2020 । www.lucknow.nbt.in

दूरी बनाए रखें // घर में रहें, सुरक्षित रहें // सुरक्षित दूरी बनाए रखें // घर में रहें, सुरक्षित रहें // सुरक्षित दूरी बनाए रखें //

STAY HOME !

अब ओडीओपी की मदद के लिए 'एक जिला-एक केंद्र'

14 जिलों में कॉमन फैसिलिटी सेंटर को मिली मंजूरी

92 करोड़ रुपये आएगी सभी सेंटर की लागत

17 और जिलों में भी सेंटर के लिए चल रहा काम

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट (ओडीओपी) योजना में शामिल उत्पादों के उद्यमियों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलें, इसके लिए हर जिले में कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) खोले जाएंगे। इसमें 14 सीएफसी खोलने के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है। इन केंद्रों को बनाने में 92 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। जल्द 17 और कॉमन फैसिलिटी सेंटरों पर भी काम शुरू किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य धीरे-धीरे सभी जिलों में फैसिलिटी सेंटर शुरू करना है।

इस तरह की जाएगी मदद

सीएफसी उद्यमियों की सभी तरह की समस्याओं का निराकरण एक छत के नीचे करेगा। इसके तहत सीएफसी में टेस्टिंग लैब, डिजाइन डिवेलपमेंट सेंटर, कच्चा माल, कॉमन प्रॉडक्शन, प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक, पैकेजिंग, लेबलिंग और बारकोडिंग समेत कई सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इन केंद्रों की स्थापना में सरकार लागत का 90 फीसदी वहन करेगी। बाकी खर्च संबंधित स्पेशल पर्पज वीकल (एसपीवी) को उठाना होगा। एक केंद्र की अधिकतम लागत 15 करोड़ रुपये तक होगी। एसपीवी के कुल सदस्यों में दो तिहाई सदस्य ओडीओपी योजना से जुड़े होंगे। सेंटर के संचालन, प्रबंधन और रखरखाव का जिम्मा इसी के कंधों पर होगा।

File Photo

बड़े पैमाने पर रोजगार का लक्ष्य

राज्य सरकार का लक्ष्य ओडीओपी योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा प्रवासी श्रमिकों को रोजगार दिलवाना है। इसके लिए सरकार द्वारा कई प्रयास भी किए जा रहे हैं। ओडीओपी योजना के उद्यमियों को आसानी से कर्ज मुहैया करवाने के लिए राज्य सरकार बैंकों से अपील कर रही है। उद्यम शुरू करने के लिए आसानी से कर्ज मिले, इसके लिए हर महीने लोन मेला भी शुरू किया जाएगा।

यहां खुलेंगे सीएफसी

जिला	प्रॉडक्ट	लागत
आजमगढ़	ब्लैक पॉटरी	1.81
उन्नाव	जरी जरदोजी	3.15
सिद्धार्थनगर	कालानमक चावल	6.98
संभल	सींग के सामान	9.91
अम्बेडकरनगर	टेक्सटाइल	4.59
आगरा	चमड़े के सामान	3.29
मुरादाबाद	पीतल के सामान	9.96
बरेली	जरी जरदोजी	6.82
सहारनपुर	वुड क्राफ्ट	9.90
लखनऊ	चिकन उत्पाद	3.38
वाराणसी	बनारसी साड़ी	9.74
अलीगढ़	ताले	9.82
सीतापुर	दरी	2.25

लागत करोड़ रुपये में

NBT-1/6/2020- Kanpur